## प्रेस संक्षिप्त

## भारतीय तटरक्षक के पहले प्रशिक्षण पोत की नींव रखने का समारोह

नई दिल्ली, 13 जनवरी 2025:  13 जनवरी 2025 को मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) में 01 प्रशिक्षण पोत (यार्ड 16101) की नींव रखने का समारोह आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता महानिरीक्षक एच के शर्मा, त.प., उप महानिदेशक (एम एंड एम) ने एमडीएल के निदेशक (पोत निर्माण) और भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और मेसर्स एमडीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की।

प्रथम प्रशिक्षण पोत के निर्माण का अनुबंध 17 अक्टूबर 2023 को संपन्न हुआ। यह पोत तट पर बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद महिला सैन्य अधिकारियों सहित 70 प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। 7,500 समुद्री मील की पहुंच वाले इस पोत में कैडेटों के लिए प्रशिक्षण पुल, चार्ट हाउस और समर्पित कक्षाओं जैसी विशेष सुविधाएं होंगी, ताकि समुद्र में उच्च गुणवत्ता वाला शिक्षण अनुभव सुनिश्चित किया जा सके।

107 मीटर लंबा यह पोत 20 समुद्री मील की अधिकतम गति प्राप्त करने में सक्षम होगा। इसमें अत्याधुनिक मशीनरी और उन्नत तकनीकी प्रणालियां भी होंगी, जिनमें एआई-आधारित पूर्वानुमानित रखरखाव प्रणाली, एक बहुउद्देशीय ड्रोन, एकीकृत ब्रिज सिस्टम (आईबीएस) और एकीकृत प्लेटफॉर्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस) शामिल हैं।

भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप, यह पोत मेसर्स एमडीएल द्वारा बाय इंडियन-(आईडीडीएम) श्रेणी के तहत स्वदेशी रूप से डिजाइन, विकसित और निर्मित किया जा रहा है। यह परियोजना रक्षा उतपादन में आत्मनिर्भरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है और राष्ट्र की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

यह पहल आईसीजी अपनी परिचालन क्षमताओं को बढ़ाने और अपने अधिकारियों के लिए उच्चतम स्तर के प्रशिक्षण को सुनिश्ति करने के निरंतर प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिससे भारत के समुद्री हितों की रक्षा में आईसीजी की भूमिका और मजबूत होती है।